भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
आर्थिक कार्य विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1066

(जिसका उत्तर सोमवार, 29 जुलाई, 2024/7 श्रावण, 1946 (शक) को दिया जाना है)

निजी अंतिम उपभोग व्यय

1066. **श्री सुखदेव भगत:**

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत दो वित्तीय वर्षों के दौरान देश में निजी अंतिम उपभोग व्यय (पीएफसीई) में वृद्धि दर कितनी रही; और

(ख) देश में सकल घरेलू उत्पाद की तुलना में निजी अंतिम उपभोग व्यय (पीएफसीई) का अनुपात कितना है?

उत्तर

वित्त राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

(क) और (ख): राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा वर्ष 2023-24 के लिए जारी किए गए सकल घरेलू उत्पाद के अनंतिम अनुमानों के अनुसार, वर्ष 2022-23 और 2023-24 में स्थिर मूल्यों पर निजी अंतिम उपभोग व्यय (पीएफसीई) की वृद्धि दर क्रमशः 6.8 प्रतिशत और 4.0 प्रतिशत है। वर्ष 2022-23 और 2023-24 में चालू मूल्यों पर पीएफसीई की वृद्धि दर क्रमशः 14.2 प्रतिशत और 8.5 प्रतिशत है। वर्ष 2023-24 में चालू मूल्यों पर जीडीपी के लिए पीएफसीई का अनुपात 60.3 प्रतिशत है।

****